# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 22वीं बैठक दिनांक 15 जून, 2013 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 22वीं बैठक दिनांक 15 जून, 2013 को पूर्वान्ह् 10:30 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

माननीय प्रबन्ध परिषद की बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

1. डा0 हरि शंकर गौड़, कुलपति — अध्यक्ष
2. श्री संगीत् सिंह सोम, मा0 विधायक — सदस्य
3. श्री ओम प्रकाश शर्मा, मा0 विधान परिषद सदस्य — सदस्य
4. अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) — सदस्य
5. डा0 के0सी0 सिंह, कृषि वैज्ञानिक — सदस्य
6. श्री मनोज कुमार, प्रगतिशील कृषक — सदस्य
7. श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर — सदस्य
8. श्री शिव शंकर राठी, कृषि उद्योगपति — सदस्य
9. श्रीमती भारती शर्मा, सामाजिक महिला कार्यकत्री — सदस्य
10. डा0 एस0के0 कौशिक, संयुक्त निदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिधि — सदस्य
11. श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक — सचिव

मा0 कुलपति जी द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। डा0 देवी सिंह, निदेशक अनुसंधान केन्द्र द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षा, शोध ओर प्रसार के सम्बन्ध में की गये प्रगति को पावर पाईंट के माध्यम से प्रस्तुत किया। मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति के लिए किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए मा0 कुलपति जी तथा अन्य अधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों को बधाई देते हुए अपेक्षा की कि प्रगति की इसी रफतार को आगे भी बनाये रखा जाए। मा0 कुलपतिजी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

**प्रस्ताव संख्या 22.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 21वीं बैठक दिनांक 23 मार्च, 2013 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

दिनांक 23 मार्च, 2013 को सम्पन्न 21वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

22/6/13

22/6/13

**प्रस्ताव संख्या 22.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 21वीं बैठक दिनांक 23 मार्च, 2013 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2013 को सम्पन्न 21वीं बैठक की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया। प्रस्ताव संख्या–21.5(2) के सम्बन्ध में 1 अप्रैल, 2012 से 31 जनवरी, 2013 तक के व्यय की विशेष जांच कराने हेतु गठित समिति की शीघ्र बैठक आहूत कर तत्काल जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

**(कार्रवाईः–वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 22.3 : विश्वविद्यालय के अन्तर्गत महाविद्यालयों हेतु शिक्षण/शिक्षणेत्तर पदों का सृजन।**

विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नवीन 06 महाविद्यालयों में सत्र 2014–15 से प्रवेश प्रारम्भ करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

| क्र0 सं0 | महाविद्यालय का नाम | शिक्षकों के पदों की संख्या | शिक्षणेत्तर पदों की संख्या | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कालेज आफ टैक्नोलाजी | 73 | 69 | 142 |
| 2 | कालेज आफ पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नालाजी एण्ड फूड प्रोसेसिंग | 45 | 45 | 90 |
| 3 | कालेज आफ होम साईंस | 26 | 32 | 58 |
| 4 | कालेज आफ बेसिक साईंस | 64 | 32 | 96 |
| 5 | कालेज आफ एग्री बिजनेस मैनेजमैंट | 46 | 44 | 90 |
| 6 | कालेज आफ हार्टीकल्चर | 44 | 44 | 88 |
| | **कुल योग** | **298** | **266** | **564** |

उपरोक्त विवरण के अनुसार पदों के सृजन की स्वीकृति का प्रस्ताव तत्काल उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया जाये।

**(कार्रवाईःकुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 22.4 : कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority) से लीज एग्रीमेन्ट सम्बन्ध में।**

मा0 प्रबन्ध परिषद ने लीज एग्रीमेन्ट को आगे बढ़ाने तथा विश्वविद्यालय हित में शर्तों में उचित संशोधन के लिए कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद को अधिकृत किया।

22/6/13

**प्रस्ताव संख्या 22.5 : डा0 आर0पी0 सिंह, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र, ऊझानी (बदायूँ) को दिनांक 16 मार्च, 2010 से 27 जुलाई 2012 के वेतन–भत्तों के भुगतान के सम्बन्ध में**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा डा0 आर0पी0 सिंह, कार्यक्रम समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र, ऊझानी (बदायूँ) को विधिक राय के आधार पर दिनांक 16 मार्च, 2010 से 27 जुलाई 2012 तक के वेतन–भत्तों के भुगतान करने का निर्णय लिया गया।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 22.6 : वित्त समिति की द्वितीय बैठक के निर्णयों का अवलोकन एवं अनुमोदन**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा वित्त समिति की संस्तुतियों का अवलोकन कर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः वित्त नियंत्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 22.7 : दिनांक 27 मई, 2013 को आये चक्रवर्ती तूफान (प्राकृतिक आपदा) के कारण विश्वविद्यालय परिसर में हुई क्षति के सम्बन्ध में।**

दिनांक 27 मई, 2013 को आये चक्रवर्ती तूफान (प्राकृतिक आपदा) के कारण विश्वविद्यालय परिसर में हुई क्षति के आंकलन हेतु गठित समिति की संस्तुति पर माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा विश्वविद्यालय को हुई क्षति की प्रतिपूर्ति राहत आयुक्त उ0प्र0 शासन लखनऊ के माध्यम से कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त के सम्बन्ध में विचार–विमर्श के दौरान मा0 प्रबन्ध परिषद को अवगत कराया गया कि बाउन्ड्रीवाल के क्षतिग्रस्त होने के कारण विश्वविद्यालय की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो गया है तथा इस कारण से पिछले सप्ताह चोरी की वारदात भी हुई है। उक्त सम्बन्ध में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा बाउन्ड्रीवाल की इंटों को एकत्रित कर प्रयोग में लाते हुए बाउन्ड्रीवाल बनाये जाने हेतु रू0 22.18 लाख के प्रस्ताव को विश्वविद्यालय के स्रोतों से वहन किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः–वित्त नियंत्रक)**

22/6/13

**प्रस्ताव संख्या 22.8 : विश्वविद्यालय में कृषि सूचना संग्रहालय स्थापित किये जाने विषयक**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव की सराहना करते हुए स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त कार्य हेतु रू0 10 लाख की स्वीकृति विश्वविद्यालय के स्रोतों से व्यय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः—निदेशक अनुसंधान केन्द्र)**

**प्रस्ताव संख्या 22.9 : विश्वविद्यालय द्वारा कार्नल विश्वविद्यालय, यू0एस0ए0 एवं आबर्न विश्वविद्यालय, यू0एस0ए0 के साथ एम0ओ0यू0 के सम्बन्ध में।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः—अधिष्ठाता जैव प्रौद्योगिकी)**

**प्रस्ताव संख्या 22.10 : नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय फैजाबाद द्वारा पाठ्यक्रम बी0वी0एस0सी0 एण्ड ए0एच0 में प्रवेशित वर्ष 2012—13 के छात्रों का पंजीकरण (सत्र 2013—14) के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर विधिक राय लेते हुए अग्रिम कार्रवाई करने के लिए निर्देश प्रदान किये गये।

**(कार्रवाईः—कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 22.11 : वी0सी0आई नई दिल्ली द्वारा प्राप्त पत्र दिनांक 22/5/2013 के पत्रांक संख्या 17—4/2008— वी0सी0आई /664 के संदर्भ में प्रस्ताव।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी। भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् से मान्यता न मिलने तक प्रवेश न लिये जाए। जैसे ही भारतीय पशु चिकित्सा परिषद् नई दिल्ली द्वारा मान्यता दी जाए तत्काल प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाए।

**(कार्रवाईः—कुलसचिव)**

22/6/13

**प्रस्ताव संख्या 22.12 : कृषि विज्ञान केन्द्रों पर रिक्त विषय वस्तु विशेषज्ञों/टी–6 के विषय परिवर्तन के सम्बन्ध में।**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर local needs and requirements तथा mandate के अनुसार कृषि विज्ञान केन्द्र तथा जनपद की आवश्यकतानुसार विषय वस्तु विशेषज्ञ (SMS)/T6 रखे जाने के प्रस्ताव पर निम्न तालिका के अनुसार स्वीकृति प्रदान की गयी:–

| क्र. सं. | पदनाम | वेतनमान | प्रस्तावित विषय परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| 1 | SMS (Animal Science) / T6 | 15600–39100 (ग्रेड पे–5400) | SMS (Soil Science) |
| 2 | SMS (Horticulture) / T6 | 15600–39100 (ग्रेड पे–5400) | SMS (Soil Science) |
| 3 | SMS (Agronomy) / T6 | 15600–39100 (ग्रेड पे–5400) | SMS (Soil Science) |
| 4 | SMS (Home Science) / T6 | 15600–39100 (ग्रेड पे–5400) | SMS (Soil Science) |
| 5 | SMS (Plant Protection) / T6 | 15600–39100 (ग्रेड पे–5400) | SMS (Plant Protection) |
| 6 | SMS (Plant Breeding) / T6 | 15600–39100 (ग्रेड पे–5400) | SMS (Plant Protection) |

(कार्रवाई:–कुलसचिव)

**प्रस्ताव संख्या 22.13 : कृषि विज्ञान केन्द्रों पर रिक्त विषय वस्तु विशेषज्ञ/टी6, कार्यक्रम सहायक/टी4, सहायक तथा ड्राईवर/टी1 के रिक्त पदों की शैक्षिक योग्यता, आर्हता एवं स्कोर कार्ड निर्धारण करने के संबंध में।**

| SN | Name of Post | Pay Scale | No. of posts | Qualification |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Subject Matter Specialist / T6 (Soil Science) | 15600-39100 (GP 5400/-) | 04 | Master's degree in Soil Science or equivalent qualifications from a recognized university Desirable : Ph.D. degree in relevant subject. |
| | Subject Matter Specialist / T6 (Plant Protection) | 15600-39100 (GP 5400/-) | 02 | Master's degree in Agri. Entomology, Plant pathology, Nematology, Plant Protection or equivalent qualifications from a recognized university Desirable : Ph.D. degree in relevant subject. |
| 2 | Programme Assistant (Lab Technician) / T4 | 9300-34800 (GP 4200/-) | 01 | Bachelor's degree in Agriculture / Science or equivalent qualifications from a recognized university. Desirable : Master's degree in Agriculture / Science |
| | Farm Manager / T4 | 9300-34800 (GP 4200/-) | 01 | Bachelor's degree in Agriculture or equivalent qualifications from a recognized university Desirable : Master's degree in Agriculture |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | Assistant | 9300-34800 (GP 4200/-) | 01 | A Bachelor's degree a recognized university with six months computer course. |
| 4 | Driver / T1 | 5200-20200 (GP 1900/-) | 02 | Essential<br>i) Matriculation pass qualification from a recognized board;<br>ii) Possession of a valid and appropriated driving license from prescribed Govt. Authority (the candidate will have to pass the practical skill test to be taken by an appropriate committee of institute/Hqrs.)<br>Desirable<br>i) One year trade certificate in the relevant field ITI; or<br>ii) Experience of driving in a recognized institution; or<br>iii) Experience of motor mechanic work |
| | Total | | 11 | |

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर कतिपय संशोधन के साथ स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 22.14 : Memorandum of Understanding between Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Modipuram, Meerut and Central Soil Salinity Research Institute, Karnal (Haryana)**

माननीय प्रबन्ध परिषद द्वारा उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्रवाईः–निदेशक अनुसंधान केन्द्र)**

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

22.06.13

**(सत्येन्द्र कुमार)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

**(डा0 हरि शंकर गौड़)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद

22/6/13